## संक्षिप्त

### पुण्यतिथि समारोह रविवार को

**अलवर।** श्री श्री 1008 महात्मा मोहनदास उर्फ सेवादास जी के शिष्य महात्मा लक्ष्मण दास जी महाराज का द्वितीय पुण्यतिथि समारोह आगामी दिनांक 20 अप्रैल 2025 रविवार को बाबा के समाधि स्थल भूरा सिद्ध अलवर पर मनाया जायेगा। समिति प्रचार मंत्री महेन्द्र सैनी बताया कि इस कार्यक्रम के तहत दिनांक 20 अप्रैल 2025 रविवार को प्रातः 8 बजे भूरा सिद्ध स्थित बाबा की समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की जायेगी तथा सुन्दरकाण्ड का पाठ किया जायेगा। सुन्दरकाण्ड समापन के पश्चात प्रसाद वितरित किया जायेगा। सभी सामाजिक बंधुओं एवं सामाजिक संस्थाओं से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में पधार कर पुण्यतिथि समारोह को सफल बनाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करे।

### मारपीट करने के दो मामले दर्ज

**निवाई।** स्थानीय पुलिस थाने में एक महिला सहित मारपीट करने के दो अलग-अलग मामले दर्ज हुए है। थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा ने बताया कि लोधा की ढाणी निवासी महेन्द्रसिंह ने मामला दर्ज करवाया है कि उसकी पत्नि व उसके साथ आरोपी हरिसिंह, बलवीर, धर्मा, ममता व गोरधनी आए दिन गाली गलौच करते है व मारपीट करते है। शुक्रवार को सभी आरोपियों ने एक राय होकर उन पर जानलेवा हमला कर दिया। उन्होंने आरोपियों को गिरफ्तार करने का मामला दर्ज करवाया है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार गांव हिंगोटिया निवासी बंशीलाल शर्मा ने मामला दर्ज करवाया है कि पुरानी रंजिस को लेकर शुक्रवार को सुबह करीब 9 बजे आरोपी सत्यनारायण शर्मा व रामकल्याण पुत्र गोपीलाल शर्मा निवासी हिंगोटिया ने उसकी बाईक पर ट्रैक्टर चढाकर उसको जान से मारने की कोशिश की। उन्होंने शीघ्र आरोपितों को गिरफ्तार करने व कार्रवाई करने का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### विचारगोष्ठी की तैयारी को लेकर बैठक आज

**टोक।** भारतीय जनता पार्टी निवाई पीपलू विधान सभा द्वारा सम्मान अभियान के तहत नगर निकाई स्तर पर 24 अप्रेल को डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी सामुदायिक भवन नगर पालिका निवाई में विचार गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। जिसमे मुख्य वक्ता के रूप में राजस्थान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौर रहेगें। जिसको लेकर आज डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी समुदायिक भवन नगर पालिका निवाई में बैठक का आयोजन किया जायेगा। जिसमें निवाई पीपलू विधानसभा के समस्त वर्तमान व पूर्व मण्डल अध्यक्ष, समस्त मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष, चेयरमेन, वाईस चेयरमेन, डी.आर, सी.आर, प्रधान, उपप्रधान, पार्षद व निवाई विधानसभा के कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहेगे तथा जिलाध्यक्ष चन्द्रवीर सिंह चौहान व निवाई विधायक रामसहाय वर्मा भी बैठक को सम्बोधित करेगे।

### तीरंदाजी संघ का चेयरमेन बनने पर दी बधाई

**निवाई।** राजस्थान तीरंदाजी संघ के प्रदेशाध्यक्ष दीपेंद्रसिंह खंगारोत ने संघ का चेयरमेन बनने पर राज्य के गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम से मुलाकात कर पुष्प गुच्छ भेंटकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने राज्य में तीरंदाजी को बढ़ावा देने के लिए विस्तार से चर्चा की। तीरंदाजी के लिए 1 वर्ष की विशेष कार्य योजना बताई। गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह ने प्रदेशाध्यक्ष दीपेंद्रसिंह को प्रदेश में तीरंदाजी को चरम पर लाने के लिए प्रयास करने का आश्वासन दिया। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि केंद्र व राज्य सरकार से अधिक से अधिक सहयोग दिलवाया जाएगा।

### कलश यात्रा का शुभारंभ

**निवाई।** गांव रजवास में देवधाम में दो दिवसीय शिव पंचायत प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। पं. आचार्य मुकेश कुमार शास्त्री के सानिध्य में कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में 51 महिलाओं ने कलश सिर पर धारण कर मंगल गीत गाते हुए रवाना हुई। इस दौरान शिव पंचायत को नगर भ्रमण करवाया गया। जुलूस रघुनाथ मंदिर, चतुर्भुज मंदिर, मुरली मनोहर मंदिर, लक्ष्मीनाथ मंदिर व गोपाल मंदिर होती हुई श्री देव धाम मंदिर पहुंची।

# ईडी की दुर्भावनापूर्ण कार्यवाही के विरोध में कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

- सोनिया गांधी, राहुल गांधी के खिलाफ ईडी की चार्जशीट केंद्र का षड़यंत्र



पावटा, विराटनगर में कांग्रेसियों ने मोदी का पुतला दहन किया।

**पावटा।** यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा चार्जशीट दाखिल किए जाने को लेकर राजस्थान कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक स्तर पर विरोध दर्ज करवाने हेतु ब्लॉक कांग्रेस कमेटी विराटनगर व पावटा के तत्वाधान में कांग्रेस पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर , पावटा ब्लॉक अध्यक्ष महादेव यादव व विराटनगर ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र रातावाल के नेतृत्व में विरोध व धरना प्रदर्शन किया गया।

पावटा में सुभाष चौक व विराटनगर में हनुमान जी की बगीची बस स्टैंड पर धरना देकर कांग्रेस ने ईडी की कार्यवाही का विरोध किया व ईडी व मोदी की शव यात्रा निकालकर पुतला दहन किया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार पर राजनीतिक प्रतिशोध और लोकतंत्र को कमजोर करने के गंभीर आरोप लगाए।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस जनों ने सरकार के खिलाफ नारेबाज़ी की और ईडी की कार्रवाई को तानाशाही मानसिकता का परिचायक बताया। पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार विपक्ष की आवाज़ को दबाने के लिए ईडी का मनमाने तरीके से इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर आरोप जनता की आवाज़ को कुचलने का प्रयास है, क्योंकि वे सत्ता से सवाल करने का साहस रखते हैं। विधायक इंद्राज गुर्जर ने कहा कि यह भाजपा का षड्यंत्र है, भारतीय जनता पार्टी ईडी को इलेक्शन डिपार्टमेंट बना रही है।

भाजपा सरकार अपनी विफलताओं से जनता का ध्यान हटाना चाहती है। तब वह ईडी, सीबीआई, आईटी जैसी जांच एजेंसियों को विपक्षियों को डराने का हथियार बना रही है। धरना व विरोध प्रदर्शन में रामनिवास यादव,सरपंच शीशराम दायमा, दिनेश यादव जिला पार्षद, रोशन धनकड़, अजय सैनी, रामजीलाल यादव, पूर्व नगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा, कैलाश अग्रवाल छिंतोली वाले, मंडल अध्यक्ष सुनील बिरला, दशरथ यादव, मनोज अग्रवाल, पूर्व सरपंच सागरमल, जिला पार्षद हरफुल कसाना, करण पंसारी, राजीव डहरवाल, महेश बैराठी, मालीराम बाडीगर, रिजवान कुरैशी, श्याम शर्मा, मनोज सोनी, सुदामा यादव, करतार सिंह शेखावत, गणेश सैनी, रामेश यादव, मुकेश स्वामी, विकास वर्मा, अमित चौहान, सीताराम सिंघल, रतिराम यादव, विजय राठी, रामचंद्र भोजावास, सुरेश यादव, इरफ़ान कुरैशी, राजेंद्र पारीक, रामवतार टेपण सहित वक्ताओं ने कहा कि ईडी का दुरुपयोग कांग्रेस नेताओं के खिलाफ किया जा रहा है, जो लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि ईडी की कार्यशैली में बदलाव नहीं आया तो कांग्रेस जन देशभर में सड़कों पर उतरकर बड़ा जन आंदोलन खड़ा करेंगे।

## 'प्यासे पक्षियों की प्यास को बुझाना पुण्य का कार्य है'

**मनोहरपुर।** जेवीवीएनएल शाहपुरा के अधिशाषी अभियंता श्री सुरेश चन्द्र गर्ग ने कहा कि झुलसा देने वाली सूर्य की किरणें व आग की तरह धधकती हुई जमीन से उमस बनती है और इससे ब्लडप्रेशर कम व अधिक होता है ऐसे में प्यास और तेज लगती है अगर समय पर पानी नही मिले तो पक्षी तड़प तड़प कर मर जाते है ऐसे में प्यासे पक्षियों की प्यास को बुझाने के लिए परिंडे को लगाकर पुण्य का कार्य करे, यह शब्द गर्ग ने जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड शाहपुरा के अधिशाषी अभियंता कार्यालय के प्रांगण में परिंडा लगाने के बाद में उपस्तिथ कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहे ! गर्ग ने कहा कि जीवन अनमोल है लापरवाही से बचकर रहना हैं।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम थाना अधिकारी को ज्ञापन सौंपा



कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक अध्यक्ष पुष्पा मेघवाल के नेतृत्व में फुलेरा थानाधिकारी श्रवण कुमार को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

**फुलेरा ।** कस्बे में शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक अध्यक्ष पुष्पा मेघवाल के नेतृत्व में फुलेरा थानाधिकारी श्रवण कुमार को राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में बताया कि केन्द्र सरकार एवं प्रवर्तन निदेशालय ईडी का दुरुपयोग करते हुए हमारे शीर्ष नेता राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी तथा नेता प्रतिपक्ष लोकसभा राहुल गांधी सहित अन्य नेताओं पर दुर्भावना पूर्ण तरीके एवं प्रतिशोध की भावना रखते हुए नाजायज तरीके से उन्हें परेशान करने हेतु बुनियाद आरोप लगा रही है। इसके चलते हम कार्यकर्ता आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से यह कहना चाहते हैं कि हमारे नेताओं पर प्रतिशोध की भावना से किये जा रहे कार्यों के खिलाफ पूरे देश में कांग्रेस कार्यकर्ता सहित अन्य जनमानस केन्द्र सरकार के इस कृत्य के खिलाफ है। साथ ही हम इस पत्र के माध्यम से अपना रोष प्रकट करते है, तथा गैर कानूनी तरीके से किये जा रहे कृत्य के विरुद्ध आप संविधान की रक्षा के लिए तथा संविधान का पालन करते हुए ईडी की इस कार्रवाई को तुरन्त रुकवाने का आग्रह करते है।

इस अवसर पर ब्लॉक महामंत्री अलिमुद्दीन जोया, फुलेरा कांग्रेस अध्यक्ष अमर चन्द सैनी, संगठन महामंत्री शैलेन्द्र शर्मा, सांभर कांग्रेस अध्यक्ष कमल शुक्ला, सीपी व्यास नरैना से रंजीत सारसर, जितेन्द्र अग्रवाल, पालिका उपाध्यक्ष योगेश सैनी, विद्यासागर शर्मा, दयानन्द चौधरी, मनोज कुलहरी, विष्णु सोनी, लतीफ कुरैशी, वेद प्रकाश वर्मा, आसिफ अली, गणेश बिजारणीय, पांचूलाल वर्मा, मुकेश शर्मा, अनीता राजोरिया सहित अन्य कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नौ कुण्डीय महायज्ञ में जनप्रतिनिधियों ने आहुतियां दी

- नौ दिवसीय एवं नौ कुण्डीय श्री मारुति महायज्ञ के चौथे दिन जन प्रतिनिधियों ने हवन में आहुतियां दी

**श्रीमाधोपुर ।** गढ़टकनेत ग्राम पंचायत की बड़ी ढ़ाणी रामसागर जोहड़ा स्थित श्री बालाजी महाराज के मंदिर में 15 अप्रेल से चल रहे नौ दिवसीय एवं नौ कुण्डीय श्री मारुति महायज्ञ के चौथे दिन शुक्रवार को नौ कुंडों पर बैठे दस जोड़ों के अलावा अनेकानेक विशिष्टजनों एवं जन प्रतिनिधियों ने भी हवन में आहुतियां देकर पुण्य कमाया । नौ कुण्डों पर श्रवणलाल रुण्डला एवं उनकी धर्मपत्नी श्रवणी देवी, रतनलाल रुण्डला एवं उनकी धर्मपत्नी अंकिता देवी, जवाहरलाल दूधवाल एवं उनकी धर्मपत्नी रुकमा देवी, शिम्भुदयाल कलवानिया एवं उनकी धर्मपत्नी मोहनी देवी, हरलाल कलवानिया एवं उनकी धर्मपत्नी तीजा देवी, श्रीराम जांगिड़ एवं उनकी धर्मपत्नी मीरा देवी, श्यामलाल जांगिड़ एवं उनकी धर्मपत्नी मिश्री देवी, श्यामलाल सैनी एवं उनकी धर्मपत्नी फूली देवी,रामसिंह नटवाड़िया एवं उनकी धर्मपत्नी विमला देवी और रामकिशोर नटवाड़िया एवं उनकी धर्मपत्नी हंसा देवी के रुप में दस जोड़े बैठे हैं और चल रहे महायज्ञ में अपनी- अपनी आहुतियां दें रहे हैं । महाराज श्री प्रधान कुंड पर अपनी आहुतियां दें रहे हैं।आज शुक्रवार के शुभ दिन श्री बालाजी महाराज मंदिर के महायज्ञ परिसर में अजीतगढ़ पंचायत समिति प्रधान एडवोकेट शंकरलाल यादव का भी आगमन हुआ ।

यादव ने भी चल रहे होम-हवन में आहुतियां देकर अपनी आध्यात्मिक आस्था प्रकट की। बाढ़ावाली ढ़ाणी के एडवोकेट जालिम सिंह के साथ-साथ मदनलाल पारीक, पूरणमल रुण्डला एवं बजरंगलाल ने भी चल रहे महायज्ञ में अपनी आहुतियां दी।महायज्ञ यज्ञाचार्य पण्डित रतनलाल लाटा एवं उनकी 15विद्वान पण्डितों की टीम विधि-विधान से महायज्ञ करवाने में जुटी हुई है वहीं महायज्ञ कमेटी के सदस्यगण व्यवस्थाओं में कोई कोर कसर नहीं आने दे रहे हैं।श्री बालाजी मंदिर के संत टीला द्वाराचार्य महामण्डलेश्वर श्री श्री 1008 श्री हरिदास जी महाराज का ही पुण्य-प्रताप है कि उन्होंने इस श्री मारुति महायज्ञ का बीड़ा उठाया और पूरी बस्ती को चेतनामय कर दिया। आसपास की ढ़ाणियों में ही नहीं आसपास के गांवों -कस्बों तक से भक्तगण-श्रृद्धालुगण यज्ञस्थल तक पंहुचा रहे हैं और अपने बूते के अनुसार जो पुण्य-कर्म बन पड़ा रहा है वह कर रहे है। 40किग्रा गाय का शुद्ध घी, 50किग्रा पीपल-खेजड़ी - चंदन की समिधा (लकड़ी) के साथ-साथ अन्य हवन सामग्रियां प्रतिदिन काम में आ रही हैं जिनसे आसपास का वातावरण शुद्ध एवं पवित्र होने लगा है।

पर्यावरण प्रदूषण हटकर उसकी जगह भक्तिमय परिवेश महसूस होने लगा है।महायज्ञ समिति के कर्मठ कार्यकर्ताओं में मोतीलाल रुण्डला, सुरेन्द्र कुमार शर्मा, मुकेश नटवाड़िया, बनवारी लाल रोलानिया, बाबूलाल रुण्डला, अशोक नटवाड़िया, शंकरलाल जांगिड़,पवन कुमार शर्मा, धोलूराम निठारवाल, सुनील कुमार, नरेंद्र कुमार समेत अनेकानेक लोग महायज्ञ की शुरुआत से ही सेवाएं देते आ रहे हैं।

# स्कुल में पोषाहार चोरी की वारदात का पर्दाफाश

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती सरूण्ड थाना पुलिस ने चोरी एवं नकबजनी की वारदातों का खुलासा करने एवं कार्यवाही करने के संबंध में चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्यवाही करते हुये स्कुल में पोषाहार चोरी की वारदात का पर्दाफाश कर एक मुल्जिम को गिरफ्तार किया है एवं उसके कब्जे से चोरी किये गये गेहुँ बरामद किये है।

एसएचओ बाबूलाल मीणा ने बताया कि विगत 15 अप्रैल को परिवादी अशोक कुमार सुरेला (50) पुत्र जगदीश प्रसाद जाति मेघवाल निवासी रायकणपुरा थाना पनियाला हाल प्रधानाध्यापक महात्मा गाँधी राजकीय विधालय मोहनपुरा ने दर्ज कराया कि विगत 13 अप्रैल को रविवार अवकाश एवं 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयन्ती अवकाश था। 15 अप्रैल को विधालय के मुख्य भवन के चेनल गेट पोषाहार कक्ष तथा चेनल गेट के अन्दर अक्षय पेटिका के ताले टूटे हुये पाये गये।

संबंधित प्रभारियों के स्टॉक रजिस्ट्रर के अनुसार इन्द्राज सामान से मिलान एवं शेष स्टॉक के अनुसार लगभग 05 कट्टे गेहूं तथा 01 कटटा चावल गायब मिले। जिनको कोई चोर रात्रि में चुराकर ले गया। जिस पर मुकदमा नं 99/2025 धारा 305(ए), बी.एन.एस में दर्ज कर अनुसंधान शुरु किया गया। उक्त घटना एवं अन्य नकबजनी की वारदातों को गम्भीरता से लेते हुये थाना स्तर पर टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा आसूचना एकत्रित की गई। घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया। घटना के संबंध में मोहनपुरा, कांसली, गोरधनपुरा व आसपास जानकारी की गई एवं आसूचना एकत्रित की गई एवं आसूचना संकलन कर संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर तलाश शुरु की गई।

इसी दौरान 16 अप्रैल को संदिग्ध रमाकान्त उर्फ गोलू (20) पुत्र अनिल जाति लखेरा निवासी कांसली थाना सरुण्ड को दस्तयाब कर प्रकरण हाजा में गहनतापुर्वक अनुसंधान कर पीसी रिमाण्ड प्राप्त कर वारदात का खुलासा किया गया। आरोपी द्वारा प्रकरण हाजा की घटना को अपने साथी के साथ मिलकर कारित करन स्वीकार किया एवं मुल्जिम के कब्जे से चोरी गया माल गेंहु बरामद किये गये। आरोपी से गहनतापूर्वक अनुसंधान जारी है और भी वारदातों का पता लगाने के संबंध में अनुसंधान किया जा रहा है एवं उक्त घटना में शरीक अन्य आरोपियान की तलाश जारी है।

# गर्मी में परिंदों के लिए जीवनदायिनी पहल

- रानी रत्ना कुमारी फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा गांवों में लगाए जाएंगे 1000 परिंडे



साधु संतों के सान्निध्य में खरुंडी मैड में स्थित बालाजी महाराज के मंदिर में परिंडे लगाएं।

**जयपुर।** गर्मी की तपती धूप में जब इंसान तक परेशान हो जाता है, तब नन्हें परिंदों की स्थिति और भी दयनीय हो जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए रानी रत्ना कुमारी फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा गांवों में विभिन्न स्थानों पर 1000परिंडे लगाए जाएंगे, ताकि पक्षियों को पीने के लिए स्वच्छ पानी और खाने के लिए दाना उपलब्ध हो सके इसकी शुरुआत साधु संतों के सान्निध्य में खरुंडी मैड में स्थित बालाजी महाराज के मंदिर से हुई।

इस अभियान का उद्देश्य है आमजन में पक्षियों के प्रति संवेदनशीलता जगाना और पर्यावरण के प्रति ज़िम्मेदारी निभाना। गांवों के प्रमुख जगह, गलियों, विद्यालयों और सार्वजनिक स्थानों पर इन परिंडों को लगाया जाएगा ।

ट्रस्ट की संस्थापिका भाजपा नेत्री रत्ना कुमारी शाहपुरा ने बताया कि हमारे ट्रस्ट द्वारा 1000 परिंडे लगाने का संकल्प लिया गया है जिनको मेरे स्वयं ओर टीम के द्वारा गांवों के सार्वजनिक स्थल पर लगाए जाएंगे, उन्होंने बताया कि की यह केवल एक सामाजिक कार्य नहीं, बल्कि एक नैतिक ज़िम्मेदारी भी है। हर नागरिक से आग्रह है कि वे अपने घरों की बालकनी, छत या आसपास के पेड़ों पर भी परिंडे लगाएं और नियमित रूप से उसमें पानी और दाना भरें।

यह अभियान न सिर्फ परिंदों की मदद करेगा, बल्कि लोगों को प्रकृति के और करीब लाएगा। इस दौरान सत्यनारायण सिंह मैड श्रवण सिंह मैड मंदिर से महंत गुरुचरण दास जी महाराज सहित कई साधु संत गण और गांव के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## 18 लाख रुपए गबन का फरार आरोपी डाकपाल गिरफ्तार

**बौंली-बामनवास।** भरतपुर रेंज पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश के आदेशानुसार सवाई माधोपुर जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे हैं वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी अभियान के तहत बाटोदा थाना प्रभारी यशपाल सिंह के नेतृत्व में गठित टीम में शामिल सहायक उप निरीक्षक किरोड़ी लाल, कांस्टेबल समय सिंह व विजेंद्र ने 10 माह से फरार चल रहे18 लाख 42हजार 950 रुपए के पोस्ट ऑफिस शाखा मोरपा से गबन के आरोपी डाकपाल जसराम मीणा उम्र 35 वर्ष निवासी पाडली थाना बालघाट जिला करौली को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस मामले को लेकर 11 जून 2024 को उमेश चंद्र गुआरिया उम्र43 वर्ष वर्ष हाल सहायक अधीक्षक डाकघर गंगापुर सिटी ने मामला दर्ज करा कर बताया था कि जसराम मीणा द्वारा मोरपा शाखा डाकघर में पदस्थापन के दौरान खाताधारको /जमाकरताओं द्वारा जमा व निकली गई राशि की रकम को सरकारी हिसाब में नहीं लेकर 18 लाख 42हजार950 रुपए का गबन किया है। इस पर बाटोदा थाना पुलिस ने मुकदमा नंबर 92/2024 धारा 420, 409, आईपीसी में दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया।

## सार-समाचार

### ईडी की कार्यवाही के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर आक्रोश जताया



**दूदू।** नगर पालिका मुख्यालय पर दूदू पुलिया के नीचे शुक्रवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दूदूके बैनर तले राहुल गांधी व प्रदेश के पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के खिलाफ केंद्र सरकार द्वारा की गई ईडी की कार्यवाही के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर आक्रोश जताया इस अवसर पर पूर्व विधायक एवं मंत्री बाबूलाल नागर ने केंद्र सरकार पर सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया तथा कहा कि सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में कोई योजनाएं स्वीकृत नहीं की जा रही है पूर्व सरकार द्वारा की गई जनकल्याणकारी योजनाएं बंद कर दी गई से आम जनता परेशान है वहीं पुलिस अधिकारियों एवं प्रशासन पर क्षेत्र में बजरी माफियाओं को पनपाने का आरोप लगाया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोऑर्डिनेटर एवं पूर्व महामंत्री पंडित दुर्गादत शर्माने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी वी प्रताप सिंह खाचरियावास द्वारा भाजपा सरकार की नीतियों की पोल खोल जाने पर उन्हें दबाने का प्रयास किया जा रहा है जो लोकतंत्र में उचित नहीं है इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शिवजी राम किशन दाधीच बीसी भाकर आरिफ शेख त्रिलोक चौधरी दूदू एवं फागी क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### हत्या का प्रयास, पिता पुत्र सहित सभी दोष मुक्त

**सांभरझील ।** सांभर एडीजे नीरज भामू ने आईपीसी की धारा 307 व अन्य धाराओं में आरोपित अपराध में संदेह का लाभ देते हुए ग्राम नरायना के रहने वाले पिता पुत्र सहित सभी छह अभियुक्तों को दोष मुक्त घोषित किया। अभियुक्तगण के अधिवक्ता हेमराज कुमावत ने बताया कि ग्राम मालेडा में नायब तहसीलदार, पटवारी के द्वारा गांव वालों की मौजूदगी में कथित अतिक्रमण का मौका मुआयना देखने के दौरान 17 अगस्त 2012 को मारपीट की घटना घटित हुई थी। न्यायाधीश नीरज भामू ने फैसले में लिखा कि चश्मदीद गवाहों व पीड़ित के बयानों में जबरदस्त विरोधाभास हो, दस्तावेजी साक्ष्यों में उन विरोधाभास के संदर्भ में तथ्य भी मौजूद हो जो कहानी को संदेहास्पद बना देते हो तो ऐसी स्थिति में अभियुक्तगण को संदेह का लाभ दिया जाना न्यायोचित प्रतीत होता है। इसीलिए अभियुक्तगण अमरचंद पुत्र हरिनारायण, हरिनारायण पुत्र झूंथाराम, गोपाल पुत्र रामकरण, कानाराम उर्फ सरदार पुत्र हरिनारायण, रामचंद्र पुत्र हरि नारायण व रामकरण पुत्र झूंथाराम को दोषमुक्त किया घोषित किया। अधिवक्ता हेमराज कुमावत ने बताया कि क्रॉस केस से बचने के लिए अभियुक्तगण पर आरोप लगाए गए हैं जबकि अतिक्रमण की भूमि पर जबरन खाली करने के प्रयास में जिसमें गांव वाले, तहसीलदार और सरपंच पति के साथ में मिलकर हरिनारायण को अपने कब्जेशुदा जमीन से बेदखल करने के लिए आए और उन लोगों के द्वारा इन पर हमला किया गया था और बैठे हुए हरिनारायण पर चोट की और उसके परिवारजन उसे बचाने आया तो उसके साथ में भी मारपीट की। मामले को बड़ा चढ़कर आहतगण के विरुद्ध दर्ज कराया गया है।

### कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया

**मानपुरा माचेडी ।** क्षेत्र के जाँलसु स्टैण्ड पर शुक्रवार प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार रामपुरा डाबड़ी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में ईडी, भाजपा सरकार की जन विरोधी नितियो व आमजन की समस्याओं को लेकर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन कर भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। ब्लॉक अध्यक्ष बाबुलाल भुखल ने बताया कि नेशनल हेराल्ड मामले में शीर्ष नेतृत्व सोनिया गांधी, राहुल गांधी के खिलाफ झूठा आरोप पत्र दाखिल करने व ईडी, राष्ट्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग के खिलाफ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने विरोध कर प्रधानमंत्री, गृह मंत्री का पुतला दहन किया है। इस दौरानउप जिला जिला प्रमुख मोहन डागर ने कहा कि केन्द्र सरकार राजनीतिक द्वेषता के चलते कांग्रेस युपीए चैयरपर्सन सोनिया गांधी, विपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को ईडी की तरफ से मनमाने तरीके से कार्यवाही करवा रही है। इस मौके पर उप जिलाप्रमुख मोहन डागर, ब्लॉक अध्यक्ष बाबुलाल भुखल, पीसीसी महासचिव प्रतिष्ठा यादव,चिरंजीलाल वर्मा, पंचायत समिति सदस्य भगवान सहाय जाबडौलिया, सरपंच प्रतिनिधि रमेश यादव, तेजपाल कुलरिया, डाँ सीयाराम सैनी, रामकुवार यादव, मंडल अध्यक्ष मनिष गुलिया, रामजीलाल शर्मा, चन्द्र प्रकाश राजावत, गोवर्धन मीणा, रामचंद्र यादव, महेश प्रजापत, पायलट मीणा, दिलिप सिंह तँवर, विनोद मीणा, दिनेश भुखल, बाबुलाल वर्मा, रमेश खण्डेलवाल सहित सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

### बिजली की केबल चोरी के मामले में दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**पावटा।** विराटनगर थाना पुलिस ने बिजली केबल चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से बिजली का केबल प्रकरण का माल मशरुका बिजली का कॉपर तार बरामद किया गया है। विराटनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वार्ड न.16 बूजा बांध तन विराटनगर निवासी पीड़ित बजरंग सिंह पुत्र बन्ने सिंह ने 24 मार्च 2025 को रिपोर्ट दी थी। इसमें बताया था कि उसके कुएं से अज्ञात चोर बिजली की केबल करीब दो हजार फुट को काटकर चोरी कर ले गए है। इस पर विराटनगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत द्वारा मामले के खुलासे के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा के निर्देशन व विराटनगर वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत के सुपरविजन एवं विराटनगर थाना प्रभारी सोहन लाल के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई। गठित पुलिस टीम द्वारा आस पास के सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए तकनीकी प्रणाली की सहायता से केबल चोरी की घटना का पर्दाफाश करते हुए विश्राम बावरिया पुत्र जगदीश बावरिया उम्र 24 साल व संतों उर्फ संतोष बावरिया पुत्र नानकराम बावरिया उम्र 21 साल निवासी जैन नसिया मंदिर के पास विराटनगर को गिरफ्तार कर प्रकरण का माल मशरुका बिजली का कॉपर तार बरामद किया।

### शिक्षण संस्थान में 51000 रु दिये

**मनोहरपूर।** सीकर में सामाजिक कार्यों में अग्रणीय और तेजी से उभरती हुई संस्था निस्वार्थ फाउंडेशन द्वारा गरीब परिवार के बच्चों के लिए संचालित संस्था श्री ओम बन्ना शिक्षण संस्थान में 51000 रु की राशि भेंट की गई। संस्था एडमिन रेवंत सिंह जो की सीकर के सेवद बड़ी निवासी है उन्होंने कहा कि ये शिक्षण संस्थान सर्व समाज के बच्चों के लिए है जिस में बच्चे निःशुल्क शिक्षा प्राप्त कर सकते है इस में मुख्य सहयोगी केप सा राठौड़ नंदू सिंह ओडिंट तेजपाल सिंह जोधा व नवीन घई दिल्ली कैलास सिंह बरसिंहपूरा रहे ।ओम बन्ना टाइगर फोर्स के माधो सिंह उदट द्वारा संस्था का आभार व्यक्त किया गया इस में महेंद्र सिंह उपस्थित रहे। संस्था एडमिन के अनुसार निस्वार्थ फाउंडेशन लगातार हर महीने जरूरमंद परिवार की मदद कर रही है महिलाओं के स्वरोजगार के लिए बच्चियों के विवाह गौसेवा में जैसा भी पीड़ित परिवार को सहायता की जरूरत होती है उसे पहुंचाई जाती है। संस्था के कुछ सदस्य विदेश में भी रहते है जो समय समय पे सहयोग करते है। किसी भी तरह की मदद करने से, चाहे वह बड़ी हो या छोटी, आपको खुशी और संतुष्टि मिलेगी।

### परिंडे लगाकर जन्मदिन मनाया

**पावटा।** गर्मियों में जैसे-जैसे पारा चढ़ता है पक्षियों के लिए दाना-पानी ढूंढ पाना भी उतना ही मुश्किल होता है ऐसे में कई बेजुबान पक्षी दाना-पानी नहीं मिलने की वजह से अपनी जिंदगी भी नहीं बचा पाते । तेजी से बढ़ रहे पारे ने हर किसी को परेशान कर रखा है । तापमान किसी के लिए सबसे ज्यादा घातक है तो वह है बेजुबान परिंदे कई बेजुबान पक्षी इस भीषण गर्मी में प्यास से छटपटाते हुए दम तोड़ देते हैं । पक्षियों को भीषण गर्मी में तडपना ना पडे इसी पहल को पावटा तहसील के गांव भांकरी निवासी फुटबॉल कोच हर्षवर्धन शर्मा व यशवर्धन शर्मा दोनों जुडवां भाईयों ने अपना जन्मदिन पक्षियों के लिए परिंडें लगाकर मनाया।